मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-285
11/06/2025

# मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, मलाही पकड़ी एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

पटना, 11 जून 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मलाही पकड़ी एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने साइट मैप के माध्यम से पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर (मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल) में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। श्री अभय कुमार सिंह ने मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी, टिकट काउंटर, यात्री सुविधा, पब्लिक एरिया, पेड एरिया, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म तक जाने का रास्ता एवं अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो रेल लाईन (कुल 6.20 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके संचालन हेतु बिहार सरकार के द्वारा 115.10 करोड़ रूपये उपलब्ध करायी गयी है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को ससमय पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जिवेश कुमार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जिवेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्याग राजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन तथा पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*******